RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

वर्ष-3 अंक-166
बहराइच,शुक्रवार
21 जून 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फरुर्खाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## समाचारपत्रों के हितों के लिए प्रधानमंत्री मोदी से की मांग, आरएनआई की मनमानी पर लगे रोक : बीएसपीएस

दिल्ली,20 जून 2024। देशभर के मध्यम एवं लघु समाचार पत्रों को समाप्त करने के लिये फ्ठकसूनियोजित ढंग से षडयंत्र रच रही है, जिससे देशभर के हजारों, समाचार पत्रों से जुड़े लाखों पत्रकार एवं समाचार पत्र से जुड़े कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे।



उक्त जानकारी देते हुए भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ इन्दु बंसल ने बताया कि

प्रति वर्ष फ्ठक रिटर्न दाखिल करने के लिए समाचार पत्र-पत्रिकाओं से वार्षिक विवरण मांगा जाता है, जिसे प्रकाश-ाक अपने समाचार पत्र की जानकारियां आनलाइन भरकर भेज दिया करते थे। इस बार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने रिटर्न जमा करने के लिए एक नये पोर्टल के साथ संशोधन करते हुए कुछ नये और कड़े प्रावधानों को जोड़े दिया है, जिससे समाचार पत्र प्रकाशकों को काफी परेशानी हो रही है। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट (उअ) के साथ ही प्रेस संचालक (प्रिंटर्स) को भी पैनल में शामिल किया गया है। इससे समाचार पत्र पत्रिकाओं के प्र-काशकों को रिटर्न फाइल करने में समस्या आ रही है। यदि इन प्रावधानों को सरल नहीं किया गया तो कई समाचार पत्र पत्रि-ाकाओं के प्रकाशक रिटर्न जमा करने से वंचित रह जायेंगे। डॉ बंसल ने बताया कि आधी-अधूरी जानकारी के साथ नया पोर्टल बनने से अखबार और पत्रिकाओ का प्रकाशक उलझन में आ रहे हैं।


> देशभर के मध्यम एवं लघु समाचार पत्रों को समाप्त करने का सूनियोजित ढंग से रचा जा रहा षडयंत्र।

डॉ बंसल ने बताया कि भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से संघ के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखित पत्र प्रेषित कर इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए पूर्व की तरह आरएनआई रिटर्न लेने की मांग की है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ बंसल के कहा कि बीएसपीएस आरएनआई की इस नई व्यवस्था का कड़ा विरोध करता है। उन्हों ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर संगठन न्यायायल भी जाने से पीछे नहीं हटेगा।

## पीएम मोदी आज, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का करेंगे नेतृत्व

जम्मू । श्रीनगर और आसपास के इलाकों में भारी बारिश का दौर अगले एक-डेढ़ घंटे तक जारी रहने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। श्रीनगर मौसम केंद्र के अनुसार अगले 1 घंटे के दौरान श्रीनगर, गांदरबल, पुलवामा, बडगाम और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश/गरज के साथ बौछारें पड़ेंगी और उसके बाद आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। योग समारोह के कारण कई इलाकों में



आवाजाही पर रोक लगी है। लाल चौक की ओर नहीं जाने दिया जा रहा। एसकेआईसीसी में योग दिवस पर कार्यक्रम में लगभग छह हजार लोग पीएम मोदी संग योग करेंगे। आयुष मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय खुद और समाज के लिए योग है। योग का सियासत से सीधा लेना देना नहीं है, लेकिन नजर दौड़ाएं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले सालों में मनाए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों में से तीन में ऐसे राज्यों में शामिल हुए, जहां विधानसभा चुनाव प्रस्तावित थे। पीएम अपनी तीसरी पारी में पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए कश्मीर में हैं। जम्मू-कश्मीर चौथा ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है जहां मोदी चुनाव से पहले योग दिवस में शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी का कहना है कि तरराष्ट्रीय योग दिवस एक और पर्यटक आकर्षण होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा भी जम्मू-कश्मीर को पैसा दिया जा रहा था, उनकी सरकार ने जवाबदेही सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, आज हर पैसे का इस्तेमाल आपके विकास के लिए किया जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी हैः- मोदी

श्रीनगर। लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर के पहले दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही। पीएम मोदी ने कहा, जम्मू कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और यह सबकुछ हो रहा है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे मोदी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम में 1,800 करोड़ रुपये की कृषि और संबद्ध क्षेत्र की परियोजनाओं की भी शुरूआत की। इन परियोजनाओं को केंद्र शासित प्रदेश के 20 जिलों के 90 प्रखंडों में लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने लोकसभा चुनाव में केंद्र शासित प्रदेश में रिकॉर्ड मतदान का उल्लेख करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने इस लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित की है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, भारत अब स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू कश्मीर की आवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है आपने पिछले 35-40 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है।

## जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने की समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की औपचारिक शुरूआत



कोलंबो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से गुरुवार को समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की संयुक्त रूप से शुरूआत की। समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया है। जयशंकर सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं और बिजली, ऊर्जा, संपर्क, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सु-रक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा,श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की। जयशंकर ने पोस्ट में कहा,राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मार्गदर्शन में भारत-श्रीलंका के बीच सहयोग बढ़ाने के तर-ीकों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से बिजली, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में। हमारे पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के निरंतर विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध। राष्ट्रपति के मीडिया विभाग (पीएमडी) ने बताया कि दोनों नेताओं ने श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

## यूजीसी-नेट रद्द होने के बाद नीट विवाद और बढ़ा, छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। मेडिकल प्र-वेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन और तेज हो गया। कई छात्र समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया और विपक्ष ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पेपर लीक होना व्यापमं घोटाले का विस्तार है और इन परीक्षाओं में बैठने वाले उम्मीदवारों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। नीट पर बढ़ते विवाद के बीच यूजीसी-नेट को रद्द करने से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की बड़े पैमाने पर इम्तिहान आयोजित करने की क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह पटना में नीट परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं पर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है और उस्-ाके आधार पर आगे की का-र्रवाई करेगा। मंत्रालय ने इस मुद्दे पर आगे चर्चा करने के लिए एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को भी



तलब किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की सूचना मिलने के बाद बुधवार देर रात विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) को रद्द करने का आदेश दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता कर नीट में कथित अनियमितताओं और यूजीसी-नेट रद्द करने को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मातृत्व संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन, इजराइल-गाजा युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं। गांधी ने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हजारों लोगों ने पेपर लीक की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में हुए ह्यव्यापमंह्न घोटाले को पूरे देश में फैलाने की कोशिश की जा रही है। गांधी ने कहा, ह्नकोई भी काम मनमाने तरीके से नहीं किया जाना चाहिए, जो नियम एक पेपर पर लागू होते हैं, वही दूसरे पर भी लागू होने चाहिए। यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे विभिन्न विश्वविद्यालयों के दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों और विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्यों को हिरासत में लिया गया। छात्रों को शिक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के यहां स्थित आवास के बाहर से हिरासत में लिया गया।






# सम्पादकीय....

## जानलेवा गर्मी



**संजय त्रिपाठी**
**प्रबंध संपादक**
**नवयुग समाचार (दैनिक)**

जानकारों के मुताबिक, देश के कुछेक शहर अब तपते टापू यानी हीट आइलैंड प्रतीत हो रहे हैं। सामान्य शब्दों में हीट आइलैंड का मानक 44 डिग्री और उससे ऊपर का तापमान है। चूंकि यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक होता है।

उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। क्योंकि लू के दिनों की संख्या इस बार दो गुनी से ज्यादा हो गई है।

आंकड़े बता रहे हैं कि लू की चपेट में आने से अबतक दर्जनों लोगों की जान चली गई है। वैसे तो ऐसा हर साल मई और जून के महीनों में होता आया है, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन से स्थिति साल दर साल और गम्भीर ही होती जा रही है, जो सार्वजनिक और सामूहिक चिंता की बात है। इस स्थिति से निबटने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों, दोनों को जागृत होना पड़ेगा, अन्यथा जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों तय किये जाने की मांग भी जोर पकड़ेगी, जो जायज होगी।

जानकारों के मुताबिक, देश के कुछेक शहर अब तपते टापू यानी हीट आइलैंड प्रतीत हो रहे हैं। सामान्य शब्दों में हीट आइलैंड का मानक 44 डिग्री और उससे ऊपर का तापमान है। चूंकि यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक होता है। इसलिए हीट आइलैंड का शिकार हो रहे शहरों में लू का प्रकोप भी भयावह हो जाता है। इससे शहर की गतिविधियां लगभग ठप पड़ जाती हैं। अमूमन हर साल मई और जून के महीनों में इन शहरों में तापमान 45 से 49 डिग्री तक पहुंच चुका है, जिससे सामान्य जनजीवन

## 21 जून विश्व योग दिवस पर विशेष- ?

# योग : सनातन धर्म की अप्रतिम देन

योग की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और इसकी उत्पति तकरीबन छब्बीस हजार वर्ष पूर्व हुई थी ऐसा माना जाता है। योग के जनक या पित्र पुरुष पतंजलि ऋषि हैं। कहा जाता है कि जब से सभ्यता शुरू हुई है तभी से योग किया जा रहा है। योग सनातन धर्म की अप्रतिम धरोहर है। इसे आज सारा विश्व वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी मानता है, और पूरी शिद्दत से मान्यता देता है। तभी तो आज विश्व का प्रत्येक देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है।?

योग विद्या में भगवान शिव को ह्लआदि योगीह्व व ह्ल आदि गुरूह्व माना जाता है। भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतञ्जलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

योग से सम्बन्धित सबसे प्राचीन ऐतिहासिक साक्ष्य सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त वस्तुएँ हैं, जिनकी शारीरिक मुद्राएँ और आसन उस काल में योग के अस्तित्व के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। योग के इतिहास पर यदि हम दृष्टिपात करे तो इसके प्रारम्भ या अन्त का कोई प्रमाण नही मिलता, लेकिन योग का वर्णन सर्वप्रथम वेदों में मिलता है और वेद सबसे प्राचीन साहित्य माने जाते है। यह गर्व का विषय है कि योग की शुरूआत भारत में हुई थी, आज के समय में भारत देश के कई राज्यों में योग में ध्यान दिया जा रहा है। जिसमे सबसे आगे उत्तराखंड राज्य है, राज्य के प्रमुख धार्मिक नगर ऋषिकेश को योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर गत कई वर्षो से योग गुरु रामदेव ने योग के प्रचार प्रसार और प्रयोग के लिए अनेक कार्य किए हैं।?

योग सही तरह से जीने का विज्ञान है और इस लिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक, आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या बांधना है। इस शब्द की जड़



है संस्कृत शब्द युज, जिसका मतलब है जुड़ना। आध्यात्मिक स्तर पर इस जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। यह योग या एकता आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बँध, षट्कर्म और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से प्राप्त होती है। तो योग जीने का एक तरीका भी है और अपने आप में परम उद्देश्य भी। योग सबसे पहले लाभ पहुँचाता है बाहरी शरीर को, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और क्रियात्मक पहलू है तो वही यह आंतरिक रूप से ध्यान और मस्तिष्क को भी पूरी तरह से प्रभावित करता है। हम अनुभव करते है, तो अंग,स्तर पर योग मानसिक और भावनात्मक स्तरों पर काम करता है। रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव और बातचीत के परिणामस्वरूप बहुत से लोग अनेक मानसिक परेशानियों से पीड़ित रहते हैं। योग इनका इलाज शायद तुरंत नहीं प्रदान करता लेकिन इनसे मुकाबला करने के लिए यह सिद्ध विधि है।

पिछली सदी में, हठ योग बहुत प्रसिद्ध और प्रचलित हो गया था। लेकिन योग के सही मतलब और संपूर्ण ज्ञान के बारे में जागरूकता अब जाकर लगातार बढ़ रही है। शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है। योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, खास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एड्स पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणाम दे रहे हैं। चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार, योग चिकित्सा तंत्रिका और अंतःस्त्रावी तंत्र में बनाए गए संतुलन के कारण सफल होती है। जो शरीर के अन्य सभी प्रणालियों और अंगों को सीधे प्रभावित करती है।

अधिकांश लोगों के लिए, हालांकि, योग केवल तनावपूर्ण जीवन में स्वस्थ रहने का मुख्य साधन हैं। योग बुरी आदतों के प्रभावों को उलट देता है,जैसे कि सारे दिन कुर्सी पर बैठे रहना, मोबाइल फोन को ज्यादा इस्तेमाल करना, व्यायाम ना करना, गलत खान-पान रखना इत्यादि । इनके अलावा योग के कई आध्यात्मिक लाभ भी हैं। इसे पूरा लिखना आसान नहीं है, क्योंकि यह आपको स्वयं योग अभ्यास करके हासिल और फिर महसूस करने पड़ेंगे। हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुँचाता है। तो योग को अवश्य अपनायें और अपनी मानसिक, भौतिक, आत्मिक और अध्यात्मिक सेहत में सुधार लायें।?अगर आप ये निम्न कुछ सरल नियमों का पालन करेंगे, तो अवश्य योग अभ्यास का लाभ उठा पाएँगे,। टीपः-अच्छा होगा किसी गुरु के निर्देशन में अभ्यास शुरू करें। सूर्योदय या सूर्यास्त के वक्त योग का सही समय है। योग करने से पहले स्नान जरूर करें।योग खाली पेट करें। योग करने से दो घंटे पहले कुछ ना खायें। आरामदायक सूती कपड़े पहनें।?

तन की तरह मन भी स्वच्छ होना चाहिए। योग करने से पहले सब बुरे खयाल दिमाग से निकाल दें।?

किसी शांत वातावरण और सॉफ जगह में योग अभ्यास करें। एक चटाई या दरी स्वच्छ पर आसन? स्वरूप बिछा लें। अपना पूरा ध्यान अपने योग अभ्यास पर ही केंद्रित रखें। योग अभ्यास धैर्य और दृढ़ता से करें।अपने शरीर के साथ जबरदस्ती बिल्कुल ना करें। निरंतर योग अभ्यास जारी रखें। योग करने के आधा घंटा बाद तक कुछ ना खायें एवं एक घंटे तक न नहायें। धीरज रखें। योग के लाभ महसूस होने मे वक़्त लगता है।?

प्राणायाम हमेशा आसन अभ्यास करने के बाद करें । अगर कोई मेडिकल तकलीफ हो तो पहले डॉक्टर से जरूर सलाह लें। अगर तकलीफ बढ़ने लगे या कोई नई तकलीफ हो जाए तो तुरंत योग अभ्यास रोक दें।योगाभ्यास के अंत में हमेशा शवासन करें।?

## 21 जून विश्व योग दिवस पर विशेष??

# आधुनिक जीवन में क्यों है महत्वपूर्ण योग?

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग विशेषज्ञ अलका सिंह के नजरिए से जाने आधुनिक जीवन में योग क्यों है आवश्यक?

मानवता के लिए योग का सहारा लिया जाना बेहद जरूरी है क्योंकि आधुनिक जीवन शैली ने मन-शरीर के संबंधों में सामजंस्य खो दिया है जिससे उच्च रक्तचाप, कोरोनरी हृदय रोग और कैंसर जैसी कई तनाव-आधारित बीमारियां हो गई हैं। इन बीमारियों को रोकने और उनका इलाज करने के प्रयास ने बेहतर जीवन शैली और बेहतर रणनीतियों की खोज को गति दी, जो कि योग जैसे प्राचीन विषयों की पनुर्खोज में परिवर्तित हो गए, जीवन शैली को स्थायी मानसिक शांति के लिए शक्तिशाली अचकू नुस्खे के साथ जोड़ना जैसा कि नैदानिक अध्ययनों द्वारा पुष्टि की गई है। योग आधुनिक जीवन जीने का, सही जीवन जीने का विज्ञान है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह सप्ताह में एक बार सिर्फ दो घंटे की हॉबी क्लास नहीं है।

योग में दिमाग को शांत करने, लचीलापन बनाए रखने, शारीरिक और मानसिक ऊर्जा का दोहन करने और एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने में मदद करने के लिए तकनीकी प्रणालियां हैं। यह भावनाओं को संतुलित करने और मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक तरीका है। एक व्यक्ति अपनी जीवन शैली के अनुसार योग के कई मार्गोंझ हठ, भक्ति, राज, ज्ञान और कर्म योग में से एक या दो या अधिक के संयोजन को चुन सकता है। व्यक्ति प्राणायाम, आसन, विश्राम, ध्यान और प्रत्याहार तकनीकों का अभ्यास कर सकता है, साथ ही जहां संभव हो व्यक्तिगत और सामाजिक विषयों का पालन कर सकता है। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह यह पता करे कि उसकी



आवश्यकताओं, जीवन शैली और व्यक्तित्व के लिए कौन सा मार्ग सबसे उपयुक्त है। एक सामान्य जीवन शैली का नेतृत्व करते हुए योग का अभ्यास किया जा सकता है, लेकिन विभिन्न आकांक्षाओं, मानसिकता और स्वयं के प्रति दृष्टिकोण और जीवन में बातचीत के साथ। योग का अभ्यास करने की कला व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करती है। यह एक शांतिपूर्ण शरीर और मन को प्राप्त करने के लिए शारीरिक और मानसिक विषयों को एक साथ लाता है, तनाव और चिंता को प्रबंधित करने में मदद करता है और आपको तनावमुक्त रखता है। यह लचीलेपन, मांसपेशियों की ताकत और बॉडी टोन को बढ़ाने में भी मदद करता है। यह श्वसन, ऊर्जा और जीवन शक्ति में सुधार करता है। योग का अभ्यास करना सिर्फ स्ट्रेचिंग जैसा लग सकता है, लेकिन यह आपके शरीर के लिए आपके महसूस करने, देखने और चलने के तरीके से बहुत कुछ कर सकता है।

11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 21जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। योग की परिभाषा हमारे ग्रंथों में अलग अलग है परंतु इसका सीधा संबंध मानव शरीर के स्वास्थ्य से ही जुडा है योग हमें प्रकृति से जोडता है। योग हर वर्ष अब मनाया जाता है क्योंकि योग मानव के लिए एक सहारे का कार्य करेगा, यह आधुनिक जीवन जहां अचानक से मौसम बदल रहे है वनस्पति कम हो रही है, पर्यावरण दूषित हो रहा है तो ऐसे में मानव शरीर का नुकसान होना समझ में आता है, मानव शरीर को सुरक्षित रखने के उपायों में से एक योग है। आधुनिक जीवन में लोगो के पास समय कम कार्य ज्यादा है और बीमारियां बढ़ रही है जिसका तुरन्त निवारण नही है लोग तनावों से घिर रहे है, इस आधुनिक युग में मस्तिष्क का कार्य बहुत बढ़ गया है आबादी बढ़ने से दुर्घटना स्तर का बढ़ना और तनाव स्तर का बढ़ना मामूली बात है। ऐसे में मस्तिष्क संबंधी बीमारी भी बढ़ रही है, ज्यादातर बाहरी देशों में मस्तिष्क संबंधी बीमारी या डिसऑर्डर मिलते है जिनका जीवन बहुत तनावपूर्ण होता है इसीलिए योग को आज इतनी बडी महत्ता दी जा रही है क्योंकि स्नायु विज्ञान अभी बाल्यावस्था में है अर्थात स्नायु विज्ञान अभी भी शोध के अवस्था में हैं, इसलिए स्नायु संबंधी बीमारी वाले मानव को डॉक्टर हमेशा योग की सलाह जरूर देता है क्योंकि योग हमारी नाडियों (तंत्रिका) को सुधारता है और उन्हें जगाता है जिसकी फिलहाल अभी तक कोई दवा नहीं है जो नुकसान हुई न्यूरॉन्स को एकदम से सही कर सके। योग हमारे मन की स्थिति को स्थिर रखता है, जब हम मंत्र योग करते है तो जो उच्चारण होता है वह ११० हट्र्ज की ध्वनि उत्पन्न करता है जिससे एक कंपन का अनुभव होता है अर्थात हमारे न्यूरॉन को मसाज का अनुभव सा होता है, और हमारा मस्तिष्क इस समय शांत और एकाग्र हो जाता है इसीलिए सुबह सुबह ॐ उच्चारण ११० हट्र्ज की ध्वनि में करने से मस्तिष्क रोग काबू में आता है, उदहारण के लिए हम माइग्रेन जैसी बीमारियों से मुक्त हो जाते है और इस समय में माइग्रेन जैसी बीमारी को कोई दवा पूर्ण रूप से सही नही कर सकती केवल योग के सिवा। भारत योगों का घर है यहाँ तंत्र मंत्र योग से कर्म योग, ज्ञान योग हठ योग आदि आदि प्रकार के योग मौजूद है जिनका हमारे जीवन में अलग अलग रूप से महत्व है। लोग इस आधुनिक जीवन में बहुत व्यस्त है, जब मस्तिष्क को आराम नही मिलता तो यह योग ही हमारे मस्तिष्क को 8 घंटे की नींद जितना आराम देता है, योग द्वारा कई प्रकार की न्यूरो बीमारियों को ठीक होते देखा गया है, और आजकल के युग में न्यूरो बीमारियों से ग्रसित लोग योग को ज्यादा महत्व देते है क्योंकि योग उन्हें एक प्रकार से बीमारी से सुकून प्राप्त करवाता है। योग में बताए गए आसन हमारे शरीर की सभी नसों और तंत्रिकाओं को खींचती है जिनसे हमारी नसें सही रूप से कार्य कर सके योग में अलग अलग आसन मस्तिष्क के अलग अलग तंत्रिकाओं को सक्रिय करती है और उन्हें ठीक करती है। और यह एक बहुत सटीक कारण है की अन्य देशों में योग को क्यों एकदम से अपना लिया। क्योंकि वो यह जानते है की योग बहुत कारगर है मानव शरीर को स्वस्थ रखने हेतु। इसीलिए योग आधुनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।?

योग का हमारे शरीर पर चमत्कारी प्रभाव होता है इसीलिए स्वस्थ रहने के लिए योग रामबाण का काम करता है इसलिए आप अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करें और स्वस्थ रहें मस्त रहें खुश रहें।

अलका सिंह?
योग विशेषज्ञ

# टी-20 वर्ल्ड कप: सुपर-8 के मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया

भारत के 150 रन भी इसी ओवर में पूरे हुए। पंड्या ने अगले ओवर में नवीन पर छक्का जड़ा लेकिन फिर बाउंड्री पर ओमरजई को कैच दे बैठे। रविंद्र जडेजा ने भी सात रन बनाने के बाद फारूकी की गेंद की गेंद पर गुलबदिन नैब को कैच थमाया। अक्षर पटेल (12) ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले नवीन के ओवर में दो चौकों से 14 रन जुटाए।



ब्रिजटाउन (बारबडोस)। सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक के बाद जसप्रीत बुमराह के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम बुमराह (सात रन पर तीन विकेट), अर्शदीप सिंह (36 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 20 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। रविंद्र जडेजा (20 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (15 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह ओमरजई ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। भारत ने इससे पहले सूर्यकुमार की 28 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 53 रन की पारी और हार्दिक पंड्या (32 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 181 रन बनाए। विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने भी उपयोगी पारियां खेली।

अफगानिस्तान की ओर से कप्तान राशिद खान ने 26 जबकि फजलहक फारूकी ने 33 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।रहमानुल्लाह गुरबाज (11) ने अर्शदीप के पहले ओवर में ही चौका और छक्का मारा लेकिन बुमराह ने अगले ओवर में उन्हें विकेटकीपर पंत के हाथों कैच करा दिया। इब्राहिम जादरान ने अर्शदीप पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर भाग्यशाली रहे जब कोहली ने प्वाइंट पर उनका कैच टपका दिया। इब्राहिम हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और अगले ओवर में अक्षर की गेंद को एक्स्ट्रा कवर पर कप्तान रोहित शर्मा के हाथों में खेल गए। बुमराह ने हजरतुल्लाह जजई (02) को जडेजा के हाथों कैच कराके अफगानिस्तान को तीसरा झटका दिया। गुलबदिन नैब (17) ने अक्षर पर छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 35 रन तक पहुंचाया। अजमतुल्लाह ओमरजई (26) ने बुमराह और पंड्या पर चौके मारे। गुलबदिन ने कुलदीप यादव की नोबॉल पर चौके के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। कुलदीप ने इसके बाद गुलबदिन को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया जबकि अजमतुल्लाह जडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अक्षर को कैच दे बैठे जिससे अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 71 रन हो गया। नजीबुल्लाह जादरान ने आते ही कुलदीप पर छक्का जड़ा और फिर पंड्या की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। टीम के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। अफगानिस्तान को अंतिम पांच ओवर में 81 रन की दरकार थी। बुमराह ने गेंदबाजी में वापसी करते हुए नजीबुल्लाह (19) को प्वाइंट पर अर्शदीप के हाथों कैच कराया। मोहम्मद नबी (14) ने कुलदीप पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जडेजा को कैच दे बैठे। अर्शदीप ने 18वें ओवर में राशिद (02) और नवीन उल हक (00) को लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा। बुमराह ने अगले ओवर में सिर्फ एक रन देकर भारत की जीत सुनिश्चित की। अर्शदीप ने अंतिम गेंद पर नूर अहमद (12) को आउट करके अफगानिस्तान को पारी को समेटा। इससे पहले रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की याद में बांह पर काली पट्टी बांधकर खेली जिनका गुरुवार को निधन हो गया। भारत ने धीमी शुरूआत के बाद तीसरे ओवर में ही रोहित (08) का विकेट गंवा दिया जो फारूकी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में राशिद को कैच दे बैठे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंदलोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/टाइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इजहार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।

## महत्वपूर्ण सूचना बहुरंगी लाइट हूटर के प्रयोग के संबन्ध मेंअति महत्वपूर्ण सुचना

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव।रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र संख्या अठ-1/1184/टक्रउ/401 व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना के आधार पर सूचित किया जाता है कि केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 108 के उपनियम 4 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में विनिर्दिष्ट किया जाता है कि कार्यालय ड्यूटी पर ऐसे वाहनों को जिन्हें निम्नलिखित आपात और आपदा प्रबन्धन कर्तव्यों के लिये नामित किया गया है, उनके शीर्ष अग्र भाग पर बहुरंगी लाल, नीली और सफेद बत्ती/हूटर का प्रयोग करने के लिये अनुज्ञात किया जाता है-

1. अग्नि को नियंत्रित करने संबन्धी कर्तव्यों
2. पुलिस, रक्षा बलों अथवा अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा कानून और व्यवस्था को बनाये रखने संबन्धी कर्तव्य
3. प्राकृतिक आपदाओं/ नाभकीय, रासायनिक एवं जीव वैज्ञानिक आपदाओं सहित मानव निर्मित आपदाओं के प्रबन्धन से संबन्धित कर्तव्य

ऐसे किसी वाहन पर बहुरंगी बत्ती का उस समय प्रयोग नहीं किया जायेगा जब वह उक्त कर्तव्यों पर कार्यरत न हों।

उपरोक्त संबन्धी कर्तव्यों की परिधि से बाहर आने वाले किसी भी वाहन पर बहुरंगी लाइट/हूटर का प्रयोग प्रतिबन्धित है। अतः जो कोई भी उपरोक्त संदर्भित वाहनों के अलावा बहुरंगी लाइट/हूटर का प्रयोग कर रहा है, वह इन्हें अपने वाहनों से हटा लें।

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 190(2) में यदि किसी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थान में ऐसा वाहन चलाता व चलवाता है जो सड़क सुरक्षा के संबन्ध में विहित मानकों का उल्लंघन करता हो, वायु प्रदूषण के संबन्ध में विहित मानकों का उल्लंघन का कारक हो, ध्वनि प्रदूषण (प्रेशर हॉर्न/हूटर) के संबन्ध में विहित मानको के उल्लंघन का कारक हो के विरुद्ध 10,000/- रु0 के शमन शुल्क की कार्यवाही की जायेगी।

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 198 के तहत बिना प्राधिकार के यान में अनाधिकृत दखल देने या उसमें छेड़छाड़ करने पर 1000/- रु0 के शमन शुल्क की कार्यवाही की जायेगी।

## देर रात पैदल घर लौटते समय एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसकी घटनास्थल पर ही मौत

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव। बांगरमऊ बुधवार की देर रात पैदल घर लौटते समय एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिस्-ाकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई गुरुवार की सुबह सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

बांगरमऊ क्षेत्र के गांव हरियारवार निवासी 60 वर्षीय पिल्लू पुत्र कल्लू आवश्यक कार्य से बुधवार की देर शाम गांव मुस्तफाबाद गया हुआ था जहा से देर रात पैदल घर लौटते समय मुस्तफाबाद पहुंचने से पूर्व बांगरमऊ लखनऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह लहूलुहान हो गया किंतु अकेले होने के चलते काफी देर तक मौके पर पड़ा रहने से उसकी मौत हो गई गुरुवार की सुबह उसका शव पड़ा देखा गया तो पुलिस को सूचना मिली जिससे मौके पर पहुंची बांगरमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। कुछ लोगो में घटना को लेकर संशय बना हुआ है

## बहन के तिलक समारोह में गए भाई की करंट लगने से हुई मौत

नवयुग समाचार संवाददाता
चौबेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी बहन के तिलक समारोह में गए भाई की करंट लगने से मौत हो गई।

गुरुवार को चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जगुआपुर में रामदास पुत्र स्व.राम किशोर गौतम के पुत्र विकास के तिलक समारोह में शामिल होने आए लड़की के भाई रोहित पुत्र राकेश कुमार उम्र 23 वर्ष अपने परिजनों के साथ आया था चारो तरफ खुशियों का माहोल था लेकिन यह खुशियां ज्यादा देर नहीं रही और रात नौ बजे करीब अनजान रोहित टेंट में लगे एक लोहे के पाइप से सटकर खड़ा हो गया जिसमे जनरेटर से आने वाली लाइट का खुला तार लगा हुआ था जब तक रोहित कुछ समझ पाता तब तक बहुत देर हो गई थी और वह करंट की चपेट में आ गया था जिसके बाद वह वही गिर गया जब लोगो ने उसे नीचे गिरा देखा तो आनन फानन में उसे अस्पताल ले गए जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद जहा कुछ समय पहले चारो तरफ खुशियां थी वही चीख पुकार मचने लगी और चारो तरफ मातम का माहोल छा गया वही जब इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को शांत करा कर शव का पंचायतनामा की कार्यवाही की।

आखिर किसकी लापरवाही से गई रोहित की जान

टेंट के पाइप आने की वजह से एक युवक ने अपनी जान गवा दी और शादी विवाह में लोगो की भीड़ रहती है जहा यदि इस तरीके लापरवाही से कोई बड़ी घटना भी हो सकती थी आखिर इस लापरवाही का कारण कौन है ।

**एक तरफ अवैध खनन कर रही खनन मशीन को किया गया सीज दूसरी तरफ खनन माफिया के हौसले बुलंद**

# बेहटा पुलिस की मिली भगत से रूरी सादिकपुर व आसपास क्षेत्र में हो रहा अवैध खनन



मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव।बांगरमऊ थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के अंतर्गत रूरी सादिकपुर, लक्ष्मी खेड़ा, मवई, मुस्तफाबाद, सुरसेनी भठियापुर, तकिया,पतेली खेड़ा पुल, कांटा गुलजारपुर सालारी खेड़ा हरियावर आदि क्षेत्र में दबंग खनन माफिया द्वारा आए दिन रात के अंधेरे में किया जा रहा है वह खनन महंगे दामों में बिक जा रही मिट्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माफिया के साथ कुछ छूट भैया नेता भी शामिल हैं जिनका कहना है कि शासन प्रशासन जिसमें दम हो मेरी मशीन पकड़ कर दिखाएं मैं यूं ही रोज चलता रहूंगा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन मशीन चलाने वालो का कहना है की हम लगभग ?20000 रोज का देते है हमारा कोई क्या कर लेगा देखना यह है कि यह लोग आखिर इतना पैसा किसको दे रहे हैं कौन है वह इसके क्षेत्र साया में हो रहा है आए दिन अवैध खनन लखनऊ रोड पर कई खनन माफिया कर रहा है वह खनन up 35 bt 6979 मशीन द्वारा आए दिन रात को किया जाता है अवैध खनन एक तरफ बांगरमऊ प्रशासन ने अवैध खनन कर रही मशीन को किया सीज जिससे क्षेत्र में कई खनन माफियाओं के उड़े होश वहीं दूसरी तरफ लखनऊ रोड पर कई खनन माफिया खनन करने में व्यस्त नहीं है शासन प्रशासन का कोई डर आखिर इन खान माफिया पर कब होगी कार्रवाई

# गैर इरादतन हत्या की वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार



रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव।पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या की वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 05.05.2024 को वादी राजेश कुमार पुत्र अम्बरलाल निवासी ग्राम आसायश थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव ने तहरीरी सूचना दी कि दिनांक 6.4.2024 को गाँव के ही अवधेश, सर्वेश पुत्र गण छोटेलाल व उपासना पुत्री अवधेश, रीशू पुत्र अवधेश, सुशीला पत्नी अवधेश ने आपसी कहा सुनी को लेकर मेरे भाई राकेश उम्र 48 वर्ष को लात घूसों व लाठी डण्डो से मारा पीटा था जिससे मेरे भाई के गम्भीर चोटे आई इलाज के लिए बांगरमऊ उ.स्व.उ में भर्ती किया गया जहाँ डाक्टरो ने उन्नाव रिफर किया फिर उन्नाव से ऐरा अस्पताल लखनऊ भेजा गया जहाँ इलाज के दौरान दिनांक 3.5.2024 को मेरे भाई की मृत्यु हो गयी । इस सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 127/2024 धारा 34/304 भादवि पंजीकृत किया गया था। मुकदमें की अग्रेतर कार्यवाही व साक्ष्य संकलन के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में दिनांक 16.05.2024 को अभियुक्तगण 1. अवधेश कुमार व 2. सर्वेश कुमार पुत्रगण स्व0 छोटेलाल नि0गण ग्राम असायश थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।आज दिनांक 20.06.2024 को थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त वांछित अभियुक्ता सुशीला पत्नी अवधेश कुमार नि0 आशायस थाना बेहटा मुजावर उन्नाव को बेहटा मुजावर चौराहे से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय उन्नाव भेजा गया है।

# डीएम ने विकास भवन सभागार में प्राथमिकता के साथ 37 बिंदुओं की समीक्षा की

राजेश अग्निहोत्री
नवयुग समाचार उन्नाव ब्यूरो विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, सीएम डैशबोर्ड, एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में डीएम द्वारा सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोलर लाईट, एमओयू मॉनीटरिंग, खराब ट्रॉन्सफार्मरों का बदला जाना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102, 108 एम्बुलेंस, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता एवं निगरानी, चिकित्सा सुविधाएं एवं आयुषमान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, शौचालय निर्माण, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, मिड-डे-मील, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गभाधान, मत्स्य सम्पदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी। समीक्षा के दौरान विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में खराब प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रमों की मुख्यमंत्री के स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। इसलिए सभी विभाग अपने-अपने विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही होगी। डीएम ने कहा कि विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० सत्य प्रकाश, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, परियोजना निदेशक कमलेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ० नीलम सिंह, अधिशासी अभियन्ता हरदयाल अहिरवार, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जयपुर में बदला मौसम, तेज हवा के साथ बारिश शुरू


जयपुर। जयपुर में सुबह 11 बजे बदले मौसम के बाद कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। भीलवाड़ा में भी लोगों को राहत मिली है।
- राजस्थान में आज से प्री-मानसून की एक्टिविटी शुरू हो गई है। जयपुर, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में तेज हवा के साथ रुक-रुक कर बारिश हो रही है। अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी और हीटवेव से राहत मिली है।
मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार अगले तीन दिन तक हल्की बारिश होने की संभावना है। आज भी प्रदेश के 13 जिलों में आंधी-बरसात का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, प्रदेश में हीटवेव से हो रही मौतों का सिलसिला रुक नहीं रहा है। अलवर में बीते दो दिन में मौसम ने 23 लोगों की जान ले ली है। वहीं, पूरे प्रदेश में गर्मी से मरने वालों की संख्या 94 हो गई है। पिछले 24 घंटे की स्थिति देखें तो प्रदेश में गर्मी और उमस रही। गंगानगर, चूरू, पिलानी, अलवर, धौलपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, दौसा, सीकर, झुंझुनूं, अलवर के एरिया में दिन में हीटवेव चली।

## सालारी खेड़ा सरकारी तालाब में रात को मशीन से किया गया अवैध खनन शासन प्रशासन को नहीं हुई खबर खनन माफिया के हौसले बुलंद

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव।बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम हरियावर के सलारी खेड़ा गांव में सरकारी तालाब में ग्राम प्रधान द्वारा चलाई गई जेसीबी प्रशासन के द्वारा चलाई गई मनरेगा की योजना को ताक पर रखकर अवैध रूप से किया गया खनन जिसमें वही के खनन माफिया द्वारा अवैध रूप से खोदा गया तालाब जब से यह खनन माफिया जे सी बी मशीन लाया है तब से तहसील क्षेत्र में कोहराम मचाए हुए हैं जिसमें सत्ता पक्ष के कुछ छोटे भैया नेता भी शामिल हैं और डंके की चोट पर क्षेत्र में अवैध खनन का तांडव मचाए हुए जिसकी सूचना उप जिलाधिकारी बांगरमऊ व खनन अधिकारी उन्नाव को भी दी जा चुकी है पर अभी तक इस खनन माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है इसलिए इस खनन माफिया के हौसले बुलंद है जिस कारण यह सरकारी तालाब को खोदकर कुंवा बना दिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान ने तालाब को खुदवा कर मछली पालन कराने की बात का पता चला है सरकारी तालाब हो यह सरकारी जमीन आखिर इस दबंग खनन माफिया व ग्राम प्रधान पर कब होगी कार्रवाई

## घर के अंदर पड़ा मिला दिव्यांग युवक का शव





रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला पन्नीतोला में घर के अंदर पड़ा मिला दिव्यांग युवक का शव। मोहल्लेवासियों के अनुसार घर में अकेले रहता था युवक। मौत की सूचना मिलते ही स्वजन दिल्ली से हुए रवाना। बांगरमऊ नगर के मुहल्ला पन्नीटोला निवासी 45 वर्षीय कुसमेश उर्फ छोटे पुत्र उमेश दोनों पैरो से दिव्यांग था। बांगरमऊ नगर में बने मकान में वह अकेले रहता था। अन्य दो भाई परिवार समेत दिल्ली में रहकर नौकरी करते है। गुरुवार सुबह मुहल्लेवासियों को घर से काफी दुर्गंध आती दिखी। दरवाजा खोलने पर छोटे का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। मुहल्लेवासियों ने बताया की उसे मंगलवार को देखा गया था। उसके बाद वह से वह नहीं दिखा। मौके पर सीओ अरविंद कुमार और कोतवाल राजकुमार ने पहुंचकर जांच की।

## पुलिस ने खनन कर रहे दो ट्रैक्टर वा एक जेसीबी पकड़ी एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेके हुआ फरार



आदित्य श्रीवास्तव
नवयुग समाचार
चौबेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में खनन कर रहे वाहनों को पुलिस ने मौके से पकड़ा और थाने लाकर सीज कर दिया।

जहा एक तरफ प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ ने जहा एक सभी माफियाओं को धूल चटाने की सोच ली है फिर चाहे वह खनन माफिया ही क्यों न हो लेकिन उनके आदेश के बावजूद चौबेपुर में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे जिसके चलते रात के अंधेरे में खनन माफिया मिट्टी खनन कर धरती मां का सीना छलनी करने से बाज नही आ रहे है ऐसा ही कुछ गुरुवार को चौबेपुर थाना क्षेत्र में देखने जहा दिलीप नगर के समीप स्थित करतरियां गांव में रात के अंधेरे में जेसीबी द्वारा खनन किया जा रहा था लेकिन खनन माफिया के मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया और अज्ञात द्वारा सूचना देने पर थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए वही जब खनन कर रहे लोगो ने पुलिस को देखा तो वह वहा से दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी छोड़कर भाग निकले वही एक ट्रेक्टर चालक ट्रेकर लेकर फरार हो गया पुलिस ने पाए गए वाहनों को थाने लाकर सीज कर दिया है साथ ही फरार हुए ट्रेक्टर व उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के सरपंच मिट्ठू लाल सेन गांव में बिक रही अवैध शराब को बंद करने पहुंचे नोहटा थाना एवं एसडीएम कार्यालय तेंदूखेड़ा

ब्यूरो चीफ हिमांशु सिंह राजपूत/नवयुग समाचार दमोह
तेंदूखेड़ा/दमोह मध्य प्रदेश
ग्राम हरदुआ सड़क में लंबे समय से अवैध शराब बिक रही है जिस गांव का माहौल बहुत ज्यादा खराब है छोटे-छोटे बच्चे शराब के आदी बनते जा रहे हैं एवं शाम होते ही गांव की महिलाएं बहाने घर से नहीं निकल पाती यहां तक की हनुमान मंदिर के पास भी शराब बेची जाती है जिससे लोग वहां पर पूजा करने जाने से भी डरते हैं गांव में सरपंच ने नाम दर्ज लिखित शिकायत की है एवं ग्राम सभा का प्रस्ताव भी दिया है बेचने वालों में बसोरी सिंह भूपत सिंह लोधी जितेंद्र सिंह लोधी मुकेश सिंह लोधी शामिल है सरपंच मिट्ठू लाल मैं नोहटा थाना जाकर ज्ञापन दिया एवं कहा कि अगर हरदुआ सड़क की शराब बंद नहीं होती है तो मैं सैकड़ो ग्रामीणों के साथ नोट थाने में अनशन पर बैठूंगा इसी तरह मिट्ठू लाल सेन तेंदूखेड़ा में एसडीम महोदय से मिले और उनसे भी अपनी सुनाएं एसडीएम ने कहा मैं फोन करके थाना प्रभारी से बात करता हूं और तुरंत वहां की शराब बंद हो ऐसा आदेश करता हूं





# अब पता चला कानपुर और अकबरपुर में गठबंधन की हार का कारण, ना बस्ते ,ना पूरे एजेंट

**❑ अकबरपुर में तकरीबन कम से - कम 30 प्रतिशत बूथों पर नहीं थे गठबंधन प्रत्याशी के एजेंट, और ना ही लगाए गए थे बस्ते, .लगभग यही हाल कानपुर में भी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी का भी रहा**

**❑ अगर गठबंधन नहीं होता तो अकबरपुर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी होते 2017 के गुजरात चुनाव में अपने अनुभव , सुझाव और प्रबंधन रणनीति का कांग्रेस के हित में लोहा मनवा चुके प्रदेश सचिव नीतम सचान**


**❑ अकबरपुर में इंडी गठबंधन को ले डूबा राजा रामपाल का अति उत्साह, बहुत कमजोर बूथ प्रबंधन और समर्पित पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा**

सुनील बाजपेई

कानपुर। कानपुर और अकबरपुर में भारतीय जनता पार्टी से हुई पराजय को इंडी गठबंधन पचा नहीं पा रहा है।

इस बारे में पार्टी के पुराने और समर्पित माने जाने वाले कार्यकताओं और नेताओं की माने तो अकबरपुर में भाजपा से गठबंधन की प्रत्याशी राजा रामपाल की पराजय कारण उनका अति उत्साह ही रहा। ... और सूत्रों के मुताबिक गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल की पराजय की दूसरी सबसे बड़ी वजह बहुत कमजोर बूथ प्रबंधन,जिसकी सत्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अकबरपुर के लगभग 30% से भी ज्यादा मतदान बूथों पर एजेंटों की नियुक्ति ही नहीं की गई थी। साथ ही अनेक मतदान केंद्रों पर बस्ते ही नहीं लगाए गए थे। जबकि भाजपा का बूथ प्रबंधन हर दृष्टिकोण से बहुत मजबूत था। शायद गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल और उनके सलाहकार समर्थकों को पूरा यकीन था कि वह कुछ भी ना करें तब भी वह अकबरपुर की सीट अवश्य ही जीत जाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

कुल मिलाकर गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के जीत को लेकर अति उत्साह ,वोटरों और समर्पित पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा बूथों पर बिल्कुल ही ध्यान नहीं देना। यहां तक की एजेंट भी नहीं नियुक्त करना और बस्ते भी नहीं लगवाना ही उनकी पराजय का कारण बन गई।और काफी कुछ लगभग यही हाल कानपुर लोकसभा सीट का भी रहा ,जहां से गठबंधन के कांग्रेस से प्रत्याशी आलोक मिश्रा मैदान में थे। अकबरपुर और कानपुर लोकसभा सीट पर हार जीत में वोटों का अंतर भी यही साबित करता है कि



राजाराम पाल और आलोक मिश्रा की पराजय का कारण कोई और नहीं बल्कि वह खुद ही हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी की तरह राजा रामपाल और आलोक मिश्रा जीत को लेकर अति विस्वास से अति उत्साहित नहीं होते। बूथों पर पर्याप्त ध्यान दिया होता। जीतने के लिए फर्जी वोटिंग के खिलाफ हर बूथ पर एजेंट नियुक्त किया होता। सभी जगह बस्ते लगवाये होते, जातीय गणित के हिसाब से मतदाताओं की उपेक्षा नहीं की होती। उनसे संपर्क किया होता तो दोनों ही सीटों पर परिणाम इंडी गठबंधन के ही पक्ष में होते। एक सवाल यह भी कि अगर गठबंधन नहीं होता तो क्या तब भी कांग्रेस अकबरपुर सीट अपनी झोली में डालने में सफल हो सकती थी। चुनाव में हार जीत के गुणा भाग में माहिर लोग इसका जवाब कांग्रेस के पक्ष में ही देते हैं। उनके मुताबिक अगर गठबंधन नहीं हुआ होता तो फिर अकबरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी होते लोकहित में अपनी धुन के पक्के, कठोर परिश्रमी, हर किसी के सुख दुख में सदैव साथ खड़े होने वाले तथा व्यवहार कुशल होने के फलस्वरूप कोई भी चुनाव जीतने की हद तक हर जाति ,हर धर्म और हर वर्ग के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाले कांग्रेस के प्रदेश सचिव वरिष्ठ युवा नेता नीतम सचान। समर्थक सूत्रों का दावा है कि सक्षम और संपन्न होने के बाद भी अहम भाव से मुक्त और उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करने वाले प्रखर समाजसेवी जन समस्याओं के निस्तारण में भी शुरू से ही अग्रणी राहुल गांधी के अति नजदीकी, कांग्रेस के प्रचार, प्रसार और उसे मजबूत करने में भी अनवरत जुटे रहने वाले कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष , जिला पंचायत सदस्य, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष, कुशल बूथ प्रबंधन के भी महारथी नीतम सचान को अकबरपुर सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़वाने के फलस्वरूप अकबरपुर सीट हर हाल में कांग्रेस के खाते में ही जाने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती थी।

इसी के साथ समर्थक सूत्र यह भी दावा करते हैं कि व्यक्तिगत रूप से अपने गहन अध्ययन और समीक्षा से कानपुर से कांग्रेसी आलोक मिश्रा और अकबरपुर में गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल की पराजय के स्पष्ट कारणों के जानकार वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नीतम सचान 2017 में गुजरात जाकर वहां होने वाले विधानसभा चुनाव में जिस तरह से अपने गहन अनुभव, सुझाव ,प्रबंधन और चुनावी रणनीति कांग्रेस के हित में प्रमाणित कर चुके हैं। उस आधार प्रत्याशी बनाए जाने के फलस्वरुप 2024 के लोकसभा चुनाव में अकबरपुर सीट भी अवश्य ही कांग्रेस के खाते में होती।

## देशव्यापी आह्वान के तहत भाकपा माले जनपद जालौन द्वारा राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### अरुंधति रॉय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करने की मांग

नवयुग समाचार

उरई(जालौन)।भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने देशव्यापी आह्वान के तहत जालौन जनपद जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट स्टेनो द्वारा राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली को जानीमानी लेखिका अरुंधति रॉय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करने की मांग पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधि मंडल में भाकपा माले जिला कामरेड राजीव कुशवा-हा एक्ट राष्ट्रीय पार्षद जिला अध्यक्ष कामरेड राम सिंह चौधरी जिला सचिव हरिशंकर उमरेड रमेश सहजादपुरासुनील ने कहा कि प्रतिष्ठित बुकर पु-रस्कार से सम्मानित जानीमानी अंग्रेजी लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और प्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक व कश्मीर केंद्रीय विवि के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर,



करीब चौदह साल पहले एक कार्यक्रम में दिए गए वक्तव्य को आधार बनाकर, उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे दमनकारी कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा दिये गए हालिया आदेश की हम तीव्र भर्त्सना करते हैं। नेताओं ने कहा कि केंद्र में मोदी स-रकार के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही आये इस आदेश को हम अभिव्यक्ति की आजादी के विरुद्ध, लोकतांत्रिक बुद्धिजीवियों को निशाने पर लेने और उनका उत्पीड़न करने बताया। भाकपा माले ने अरुंधति रॉय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करने, यूएपीए सहित सभी दमनकारी कानूनों को खत्म करने व सभी राजनैतिक कैदियों को रिहा करने की मांग की। ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस एक्टू राष्ट्रीय पार्षद कामरेड राम सिंह चौधरीभाकपा माले, जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा कामरेड ह-रशंकर कामरेड रमेश कॉमरेड नरेंद्र कामरेड दिव्या देवी शंकर कामरेड संपूर्णानंद इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## व्यारमा नदी में डूबने से 2 भाइयो की मौत,गैसाबाद थाना के सिद्दन की घटना



ब्यूरो चीफ हिमांशु सिंह राजपूत/ नवयुग समाचार दमोह

हटा/दमोह मध्य प्रदेश


गैसाबाद थाना क्षेत्र के सिद्दन के पास व्यारमा नदी में डूबने से 2 सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई,घटना की सूचना पर गैसाबाद थाना पुलिस व ग्रामीण मौके पर पँहुचे,नदी से दोनों मृतको के शव निकाले गए,मृत को के नाम विश्वास पटेल उम्र 16 वर्ष और इशांत पटेल उम्र 14 वर्ष पिता गणेश पटेल निवासी भैंसा थाना गैसाबाद तहसील हटा जिला-दमोह शामिल है, दोनो म्रतक सिद्दन क्षेत्र की व्यारमा नदी में नहाने गए थे दिनांक 20/06/2024 दिन गुरुवार को दोपहर में हादसा हो गया,थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि शव पंचनामा कार्यवाही के बाद मृतको के शव सिविल अस्पताल हटा भिजवाये गए हैं,मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।



## जीजा के घर जाकर साले ने अपने साथियों के साथ जीजा पर किया कुल्हाड़ी से बार,जीजा हुआ गंभीर रूप से घायल

दिलीप सिंह नवयुग समाचार

खबर जनपद एटा के जसरथपुर थाना क्षेत्र के नगला अचल से है,जहां पति पत्नी की आपसी कहासुनी में साले ने जीजा के घर जाकर बहन को अपने घर ले जाने की जिद की। जीजा के मना करने पर गुस्साये साले ने अपने साथियों के साथ कुल्हाड़ी से उन पर पर कर दिया ।जिससे जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने थाना जसरथपुर पुलिस को सूचना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज पर घायल अवस्था में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक



उपचार के बाद जीजा को रेफर कर दिया गया है ।वहीं घायल हुए महरोज के पिता अफसर खान ने बताया,पुलिस ने मौके से कुल्हाड़ी सहित जाकिर और साकिर को हिरासत में लिया है। घटना में शामिल साहिल और जमील भाग गए हैं ।हालांकि इस मामले में पुलिस की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है ।सीओ अलीगंज ने बताया,थाने पर कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है पुलिस ने घायल मनोज का चिकित्सीय परीक्षण करवाने के लिए अलीगंज भेजा है, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर कर दिया गया है ।मामले में जांच की जा रही है।

## कुठौंद कस्बा में बिजली व पानी के वजह से मचा हाहाकार डायरिया व हैजा से मचा हड़कंप

नवयुग समाचार

कुठौंद जालौन, विकासखंड के कस्बा कुठौद में 10 दिन से ट्यूबवेल की मोटर फुकी होने के कारण पानी की सप्लाई बंद है तथा आम जनमानस बूद बूद पानी के लिए तरस रहे हैं तथा भीषण गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों व महिलाओं में हाहाकार मचा हुआ है

कस्वा कुठौद के ग्रामीणों ने बताया कि कस्बा में आबादी ज्यादा होने के कारण हेड पंप पर्याप्त मात्रा में नहीं है और जो हेडपंप लगे हैं वह भी खराब पड़े हुए है जबकि इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है की घर के अंदर छोटे-छोटे बच्चे व महिलाओं को रहना मुश्किल हो रहा है भीषण गर्मी की वजह से छोटे-छोटे बच्चों में हैजा व डायरिया जैसी बीमारियां होने लगी है ग्रामीणों ने बताया




कि हर जगह शिकायत करने के बाद भी अभी तक पानी व बिजली की व्यवस्था सुचार रूप से चालू नहीं की गई है जबकि सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं क्योंकि सरक-ार के द्वारा ही नियुक्त किए गए अधिकारी सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं जिससे आम जनमानस मे त्राहमाम मचा हुआ है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त किए गए अधिकारी ही सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर सरकार को कमजोर कर रहे हैं जिससे कि पानी की समस्या से जूझ रहे आम जनमानस में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है कस्बा के ग्रामीण व महिलाओं ने बताया कि अगर पानी व बिजली की व्यवस्था अति शीघ्र सुचार रूप से चालू नहीं की गई तो हम सब लोग हाईवे जाम करने पर मजबूर हो जाएंगे

## लोकसभा चुनाव के अच्छे प्रदर्शन के बाद अनीश शुक्ला ने जनपद वासियों को दिया धन्यवाद

गोरखपुर ब्यूरो,
नवयुग समाचार

गोरखपुरः भारतीय युवक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीश शुक्ला ने एक स्थानीय होटल में प्रेस वार्ता करते हुए कहां की लोकसभा 2024 आम चुनाव में जनता जनार्दन का जो आश-ीर्वाद भारतीय युवक समाज पार्टी समर्थित इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश के प्रत्याशियों को जो अपना आशीर्वाद दिया उस-के लिए सभी लोगों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद देता हूं , महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, तानाशाह रवैया के खिलाफ जो जनमत आया है इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का मनोबल बड़ा



है और साथ ही साथ इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकताओं को धन्यवाद जो विपक्ष के नेताओं से आपसी मतभेद न करते हुए चुनाव में शालीनता के साथ पार्टी के मेनोफेस्टो को जनता जनार्दन के बीच में बैठकर के समझाने का काम किया उसके लिए भी धन्यवाद देता हूं

## पुलिस उपाधीक्षक के स्थानान्तरण पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गयी विदाई

नवयुग समाचार

बहराइच। जनपद मे क्षेत्राधिकारी लेखा/डायल-112 के पद पर कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक इरफान अहमद सिद्दीकी के फायर सर्विस मुख्यालय, लखनऊ स्थानांतरण पर प्रस्थान करने पर आज दिनांक 20.06.2024 को पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा पुष्प गुच्छ देकर, कार्यकाल के दौरान किये गये पदीय कर्तव्यों की सराहना की गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई । इस अवसर पर पुलिस कार्यालय मे उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक, नगर रामानन्द कुशवाहा, अपर पुलिस



अधीक्षक,ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसौदिया, क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, गोपनीय सहायक संजय सिंह, पी.आर.ओ. शिवेश शुक्ला व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के द्वारा उन्हे माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई ।

# जयपुर में तांत्रिक ने की नाबालिग लड़की से की छेड़छाड़

### भूत-प्रेत का साया बताकर डराया, पूजा-पाठ के बहाने घरवालों को घर से बाहर निकाल देता था

जयपुर। जयपुर में एक कथित तांत्रिक के नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। भूत-प्रेत का साया बताकर कथित तांत्रिक ने परिवार को डराया। बर्बाद होने से बचाने की कहकर पूजा-पाठ के बहाने नाबालिग को अपने साथ रोक घरवालों को बाहर निकाल दिया। सांगानेर थाने में पीड़िता ने आरोपी कथित तांत्रिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच रल्ड (सांगानेर) कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- सांगानेर निवासी 19 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कथित तांत्रिक किशन लाल उसके पिता का परिचित है। पिता ने आरोपी किशन लाल को अपना गुरु बना रखा है। जुलाई-2021 में आरोपी किशन लाल पिता से मिलने घर आया। घर पर भूत-प्रेत का साया होना और बर्बाद होने का डर दिखाकर परिवारवालों को डराया। उपाय की पूछने पर अपनी तेज विद्या से भूत-प्रेत को भागने में बड़ा खर्चा आना बताया। भूत-प्रेत से छुटकारे की कहकर पूजा साम्रगी मंगवाई। आरोप है कि घर में पूजा-पाठ में नाबालिग बेटी से भूत-प्रेत के इलाज में शामिल करने की कहा। भूत-प्रेत भगाने की कहकर कथित तांत्रिक ने नाबालिग को अपने साथ घर के अंदर रखा। घर के सभी सदस्यों को घर के बाहर भेज दिया। पूजा-पाठ के बहाने परिवारवालों को अंदर आने से मना कर नाबालिग से अश्लील हरकत की। छेड़छाड़ का विरोध करने पर धमकाया- यह बात किसी को मत बताना। यदि किसी को बताया तो भूत-प्रेत का साया तुम्हारे घर से नहीं भगाऊंगा। तुझे व तेरे घरवालों को अपनी तंत्र विद्या से मार दूंगा। पूजा-पाठ से भूत का साया घर से दूर करने की कहकर 15 लाख रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद पूजा-पाठ के बहाने कथित तांत्रिक किशन लाल उसे पिता के साथ घर बुलाने लगा। पूजा-पाठ के बहाने कमरे में बंद कर डरा-धमकाकर उसके साथ छेड़छ-ाड़ करता। कथित तांत्रिक की हरकतों से डरी-सहमी नाबालिग गुमसुम रहने लगी। परिजनों के दबाव डालने पर पीड़िता ने कथित तांत्रिक की करतूत के बारे में बताया। आपबीती सुनने के बाद गुस्से परिजन बेटी को लेकर सांगानेर थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया।